
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024



# डाइट प्लान रखें सही कोलेस्ट्रॉल रहेगा कंट्रोल

आज के दौर में डाइट को लेकर लापरवाही बरतने की वजह से ओल्ड ही नहीं यंग और मिड एज के लोगों में भी कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ जाता है। इससे कई डिजीजेज का रिस्क बढ़ जाता है। ऐसे में डाइट को कंट्रोल करना बहुत जरूरी है।

**डाइट सजेशन**

डॉ. माजिद अलीम



हमारे रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का अधिक होना, हृदय रोग को बुलावा देना है। कोलेस्ट्रॉल हमारे शरीर में तब तक हार्मफुल नहीं होता है, जब तक इसकी मात्रा जरूरत से ज्यादा ना हो। हमारे शरीर की कोशिकाओं के निर्माण, विटामिंस और अन्य हार्मोन बनाने के लिए इसकी जरूरत होती है। हमें कोलेस्ट्रॉल दो स्रोतों से मिलता है- पहला हमारा लिवर अपनी जरूरत के हिसाब से कोलेस्ट्रॉल बनाता है। दूसरा, यह हमें विभिन्न खाद्य पदार्थों जैसे- मांस, मछली और डेयरी उत्पादों से प्राप्त होता है। ये खाद्य पदार्थ ट्रांसफैट युक्त होते हैं, यही वसा हमारे शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती है। कोलेस्ट्रॉल हमारे रक्त में सर्कुलेट होता है। जब शरीर में इसकी मात्रा बढ़ती जाती है, तो हमारे हेल्थ पर कई बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है।

**फैट इनटेक को समझें:** इस बात को समझना जरूरी है कि हम अपनी डाइट में जो फैट लेते हैं, वह शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को प्रभावित करता है। इसलिए खाना पकाने के लिए सही तेल का यूज करना जरूरी है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को ना बढ़ाए। चावल की भूसी, तिल का तेल, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, कैनोला, जैतून आदि के तेल खाना बनाने में इस्तेमाल करना फायदेमंद है। इसके अलावा सलाद ड्रेसिंग, डिप्स और सॉस, बाजार से लेने की बजाय घर पर बनाएं। खाद्य पदार्थों को डीप फ्राय के बजाय ग्रिल करें, रोस्ट या बेक करें ताकि शरीर में कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कंट्रोल किया जा सके।



**कोलेस्ट्रॉल के प्रकार:** कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है। एक, एलडीएल कोलेस्ट्रॉल- जो हमारे लिए नुकसानदेह होता है। दूसरा, एचडीएल कोलेस्ट्रॉल-जो हमारे शरीर के लिए अच्छा होता है। एलडीएल का बहुत अधिक होना या एचडीएल का पर्याप्त मात्रा में ना होने से यह कोलेस्ट्रॉल धीरे-धीरे हमारी धमनियों की भीतरी दीवारों में जमा हो जाता है और एक मोटी और सख्त परत बना देता है। नतीजतन, धमनियां सख्त हो जाती हैं और उनका रास्ता संकरा हो जाता है। इससे शरीर में रक्त के थक्के बनने लगते हैं, इन संकरी धमनियों में अगर अवरोध पैदा हो जाए, तो इससे दिल का दौरा या स्ट्रोक हो सकता है। ऐसे में यहां बताए जा रहे सरल उपायों से हम कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित कर सकते हैं।

**फास्ट-जंक फूड से परहेज:** कोलेस्ट्रॉल पर नियंत्रण के लिए जहां ज्यादा कोलेस्ट्रॉल युक्त भोज्य पदार्थों में कटौती करना जरूरी होता है, वहीं भोजन की कुल कैलोरीज पर भी नियंत्रण करना जरूरी होता है, तभी कोलेस्ट्रॉल की गति पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए हमें जंक फूड और फास्ट फूड से जितना हो सके दूर रहना चाहिए।

**दूध का सेवन:** जो लोग फुलक्रीम दूध पीना पसंद करते हैं, उन्हें इससे परहेज करना चाहिए। फुलक्रीम दूध, पनीर, मलाई, खोया, मक्खन और देसी घी की जगह डबल टोंड दूध का उपयोग करें। डबल टोंड दूध के ही प्रोडक्ट लें क्योंकि फुलक्रीम दूध सैचुरेटेड ज्यादा होता है, जिससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है।

**फल-सब्जियां खाएं:** साबुत अनाज, बींस, फलियां, मेवे, सब्जियां, मछली और सी फूड जैसे कम कोलेस्ट्रॉल युक्त, एनिमल प्रोटीन से भरपूर हेल्दी डाइट लें। मीठे खाद्य पदार्थ और रेड मीट, नमकीन खाद्य पदार्थ, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और ज्यादा पॉपचुराइड्स खाद्य पदार्थों का कम से कम सेवन करें। छिलकेदार दालें, चोकर और साबुत अनाज के पानी में घुलनशील रेशे ज्यादा होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखते हैं और शरीर में उसके एब्जॉर्ब होने की क्रिया पर रोक लगाते हैं। इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल घटता है और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल में बढ़ोत्तरी होती है। इनके अलावा फिजिकल एक्टिविटीज से भी कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल किया जा सकता है। इस तरह आप हार्ट प्रॉब्लम के रिस्क को काफी कम कर सकते हैं। *

---

बढ़ती एज में हमारी फिटनेस और एक्टिवनेस काफी हद तक हमारी बोंस हेल्थ पर निर्भर करती है। इसलिए मिड एज और ओल्ड एज में हमारी फिटनेस बनी रहे, इसके लिए यंग एज से ही बोंस हेल्थ पर ध्यान देना जरूरी है। इसके साथ ही वीक बोंस की वजहों के बारे में और उससे बचाव के तरीकों के बारे में भी आपको पता होना चाहिए।

# हमेशा रहना है फिट-एक्टिव बोंस हेल्थ पर दें ध्यान

**फिटनेस**

रेखा देशराज

अपनी छोटी सी न्यूक्लियर फैमिली के साथ आशुतोष बैंक में जॉब करते हैं। घर और बाहर दोनों जगह की जिम्मेदारी बखूबी संभालते हैं। सुबह समय पर ऑफिस पहुंचना, बैंक में दिन भर पब्लिक डीलिंग की आपा-धापी, फिर शाम को घर पहुंचकर बच्चों की पढ़ाना और चूंकि एक अखबार के लिए आर्थिक मसले पर साप्ताहिक कॉलम भी लिखते हैं, इसलिए, उसकी तैयारी करना। इस सबके अलावा चूंकि उनके मां-बाबूजी गांव में रहते हैं, इसलिए हर दिन उन्हें फोन करना, हाल-चाल पूछना आदि भी उनकी व्यस्त दिनचर्या का हिस्सा होता है। इस सबके बीच पहले जब उन्हें कभी कमर आदि में दर्द होता था, तो वह इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते थे। लेकिन 45 पार करते-करते उन्हें महसूस होने लगा कि अब उनके शरीर में बदलाव हो रहे हैं। एक किलोमीटर पैदल चलने पर भी अब उन्हें थकान होने लगती है। उनके एक घुटने में लगातार दर्द रहने लगा है। साथ ही दांतों से संबंधित समस्याएं भी होने लगी हैं। हाल में ही वह जब डॉक्टर से मिले और उनके कहने के मुताबिक चेकअप कराया तो पता चला उनकी हड्डियों में कमजोरी है, उनमें पोषण की कमी है।

## बोंस वीकनेस की वजहें

आशुतोष जी की कहानी हममें से ज्यादातर लोगों की हो सकती है, क्योंकि हम सब युवावस्था में अधिकतर अपनी हड्डियों पर जरा भी ध्यान नहीं देते। कहीं दर्द हुआ तो इसे कोई समस्या मानने की बजाय लाइफस्टाइल का हिस्सा समझते हैं। जबकि हमें तभी अपनी हड्डियों के चेकअप की जरूरत होती है। कहीं पर नियमित दर्द होना खासकर जोड़ों में, हड्डियों से उसका रिश्ता होता है। समय पर हड्डियों पर ध्यान देना इसलिए जरूरी होता है क्योंकि हमारे शरीर का मूल ढांचा वही होती हैं। हड्डियों से संबंधित समस्याएं शरीर में कैल्शियम, विटामिन डी और फास्फोरस की कमी से हो सकती हैं। इस कमी की कई वजहें हो सकती हैं-भोजन में पोषक तत्वों की कमी, एक्सरसाइज बिल्कुल ना करना, शरीर को जरूरी धूप ना मिलना आदि।

## वीक बोंस के लक्षण

चलने-फिरने में थकान महसूस होना, कंधे में या घुटनों में दर्द, पूरे शरीर में दर्द या पैदल चलने के



बाद जोड़ों में दर्द होना, ये सब कमजोर हड्डियों के सूचक होते हैं। यदि आपके साथ भी ऐसा है तो अपनी हड्डियों की मजबूती के लिए सचेत हो जाइए।

## नहीं बरतनी चाहिए लापरवाही

अगर डॉक्टर की सलाह पर शुरुआती लक्षणों के सामने आते ही हम इन कमियों को दूर कर लेते हैं







तो हड्डियों की समस्याएं समय रहते दूर हो जाती हैं वरना कुछ ही दिनों में विकराल समस्या का रूप ले लेती हैं। विशेषकर महिलाओं के लिए लापरवाही आगे चलकर बड़ी समस्या बन सकती है। दरअसल, हड्डियों की मजबूती काफी हद तक हमारे शरीर में कैल्शियम की मौजूदगी पर निर्भर करती है। शरीर में यदि पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम है तो हड्डियां ताउम्र मजबूत रहती हैं वर्ना शरीर की मांसपेशियों की मांसलता में कमी होते ही ये चटखने लगती हैं। इसलिए मिड एज के बाद कैल्शियम की रेग्युलर टेस्टिंग जरूरी है। इसमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

## यंग एज में भी बढ़ रहा रिस्क

वीक बोंस होने पर 45-50 की उम्र पार करते ही कमजोर हड्डियों वाले स्त्री-पुरुषों को ऑस्टियोपोरोसिस घेरने लगता है। लेकिन आजकल खराब लाइफस्टाइल के कारण यह 30 पार करने के बाद भी लोगों को अपनी चपेट में लेने लगा है। दरअसल, दिन के ज्यादातर समय कृत्रिम रोशनी में गुजारने वाले युवकों के शरीर में भी विटामिन-डी3 की कमी हो जाती है। इसके अलावा एक्सरसाइज से बचना स्थिति को और भी गंभीर बना देता है। आजकल आरामपसंद कई लोग छुट्टी वाले पूरे दिन भी वातानुकूलित कमरे गुजार देते हैं। ये लोग भूल जाते हैं कि इनके शरीर को विटामिन-डी3 की भी आवश्यकता है, जो सूरज की धूप से नेचुरली मिलती है। आजकल लोग अपने छोटे बच्चों को भी घर के बाहर धूप में खेलने नहीं देते इसलिए बचपन से ही हड्डियों की मजबूती खतरे में पड़ जाती है। चिकित्सकों का मानना है कि धूम्रपान, नशा और आरामतलब जीवनशैली का सबसे ज्यादा बुरा असर हड्डियों पर ही पड़ता है।

### रेग्युलर टेस्ट है जरूरी

आज की लाइफस्टाइल को देखते हुए तीस साल की उम्र के बाद एक बार हड्डियों की जांच जरूर करा लेनी चाहिए ताकि पता चल सके कि हमारी हड्डियों की स्थिति क्या है? चालीस साल से ऊपर की महिलाओं और 50 साल के ऊपर के पुरुषों के लिए तो यह जांच अनिवार्य हो जाती है। साथ ही कुछ-कुछ सालों के अंतराल पर बोन डेंसिटी टेस्ट भी कराते रहना चाहिए।



### तब हो जाएं एलर्ट

- अगर जरा सी चोट लगने पर फ्रेक्चर हो जाए।
- हड्डियों और जोड़ों में अकसर दर्द रहता हो।
- नाखून कमजोर हों और जरा सी चोट पर फट जाते हों।
- नाखून बहुत धीमी रफ्तार से बढ़ते हों और टूटकर उल्टी दिशा में मुड़ जाते हों।
- दिन भर थकान महसूस होती हो।



## न्यूट्रिशस डाइट-एक्सरसाइज

स्ट्रॉन्ग बोंस के लिए बचपन और टीनएज में खान-पान ऐसा होना चाहिए, जिससे हड्डियों को पूर्ण पोषण मिल सके। प्रतिदिन एक गिलास दूध या दूध



से बने खाद्य पदार्थ पनीर, मक्खन, दही आदि खाना चाहिए। हर दिन 20 से 25 मिनट धूप में रहना चाहिए। इस सबके साथ हर दिन कम से कम आधा घंटा व्यायाम बहुत जरूरी है। व्यायाम के लिए स्वीमिंग, ऐरोबिक्स या साइक्लिंग जैसी एक्सरसाइज कम उम्र के लोगों के लिए उपयुक्त होती है। 40-50 साल की आयु के बाद एक्सरसाइज में ब्रिस्क वॉक जैसी एक्सरसाइज हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी होती है। लेकिन शरीर में कैल्शियम और विटामिन-डी3 कमी को पूरा करने के लिए कोई भी सप्लीमेंट डॉक्टर की सलाह पर ही लेनी चाहिए। *

---

**हेल्थ स्टडी**

# बचपन में हाई बीपी कई गुना बढ़ाता है स्ट्रोक का रिस्क

आज के दौर में दिल के दौरे और स्ट्रोक के मामले में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। लोग मानते हैं कि अनियमित खान-पान के कारण ऐसा हो रहा है। लेकिन हाल ही में हुई एक स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि बचपन और किशोरावस्था में होने वाला हाई ब्लड प्रेशर, वयस्क होने पर दिल के दौरे और स्ट्रोक जैसे गंभीर स्वास्थ्य खतरों को चार गुना तक बढ़ा देता है। बचपन में होने वाले हाई ब्लड प्रेशर को लेकर किया गया यह शोध कनाडा के ओंटारियो में 1996 से 2021 के बीच 25,605 बच्चों और किशोरों पर किया गया, जिनमें हाई बीपी की समस्या थी। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन बच्चों और किशोरों में बचपन से ही हाई ब्लड प्रेशर था, उनमें बड़े होने पर दिल का दौरा, स्ट्रोक या दिल से जुड़ी सर्जरी का खतरा उन लोगों की तुलना में दो से चार गुना अधिक था, जिनमें यह समस्या नहीं थी। कनाडा के शोधकर्ताओं का यह शोध हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और कम उम्र में ही इसके खतरों को कम करने के महत्व को रेखांकित करता है।



शोधकर्ताओं ने अपने इस शोध से निष्कर्ष निकाला कि बचपन में हाई ब्लड प्रेशर का वयस्क जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है और यह दिल की बीमारियों का एक प्रमुख जोखिम कारक है। शोधकर्ताओं का यह शोध इस बात पर जोर देता है कि बच्चों और किशोरों में हाई ब्लड प्रेशर को जल्दी पहचानना और उसका इलाज करना बेहद जरूरी है। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों को पहचानना मुश्किल हो सकता है क्योंकि अकसर सामान्य लक्षणों जैसे सिरदर्द, थकान, नाक से खून आना और सांस लेने में तकलीफ के कारण लोग भ्रमित हो जाते हैं। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मोटापा, परिवार में हाई ब्लड प्रेशर का इतिहास, किडनी की समस्याएं और कुछ दवाएं शामिल हैं। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर का इलाज लाइफस्टाइल में बदलाव, दवाओं और अन्य मेडिकल ट्रीटमेंट के माध्यम से किया जा सकता है। लाइफस्टाइल में बदलाव जैसे हेल्दी डाइट, नियमित व्यायाम और बैलेंस्ड बॉडी वेट रखना हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बारे में शोधकर्ताओं का कहना है कि इस समस्या से बचने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों की सेहत के प्रति सजग रहना चाहिए और नियमित रूप से बच्चों की जांच करानी चाहिए। *

**प्रस्तुतिः अजेश कुमार**

---

**अवेयरनेस**

शिखर चंद जैन

आमतौर पर माना जाता है कि कैल्शियम की कमी से केवल बोंस वीक होती हैं। यह तो सही है ही लेकिन इससे हेल्थ संबंधी कई और प्रॉब्लम्स भी हो सकती हैं। इनके बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।


# कैल्शियम की कमी से हो सकती कई प्रॉब्लम्स

शरीर में कैल्शियम की कमी से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए अपने भोजन में इस महत्वपूर्ण मिनरल की कमी ना होने दें, इस बात का पूरा ध्यान रखें।

**दांत और हड्डीः** शरीर में कैल्शियम की कमी का सबसे पहले दांतों और हड्डियों पर विपरीत असर पड़ता है। शरीर में मौजूद 99 फीसदी कैल्शियम दांतों और हड्डियों के निर्माण में ही काम आता है। बाकी मसल्स और टिश्यू की कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने में काम आता है। जब हम अपनी डाइट में कैल्शियम नहीं लेते, तो हड्डियां और नाखून कमजोर होने लगते हैं और जोड़ों के दर्द की समस्या भी होने लगती है।

**अनियमित हार्ट बीटः** हार्ट के सही तरीके से काम करने के लिए भी कैल्शियम बेहद जरूरी है। इसके अभाव में हृदय की धड़कन यानी हार्ट बीट्स बढ़ सकती हैं, जिससे बेचैनी महसूस हो सकती है। कैल्शियम हार्ट को ब्लड की पंपिंग में मदद करता है और इसकी कार्यप्रणाली को स्मूद करता है।

**न्यूरो प्रॉब्लमः** कैल्शियम की कमी, सिरदर्द और मिर्गी के दौरे का सबब बन सकती है। सिर में अत्यधिक दबाव के कारण टीस सी उठने लगती है। कई बार इस मिनरल की





कमी डिप्रेशन, अनिद्रा, पर्सनालिटी चेंज और डिमेंशिया जैसे न्यूरोसाइकिएट्रिक समस्याओं का भी सबब बन जाती है।

**मांसपेशियों में ऐंठनः** अगर मांसपेशियों में रह-रहकर खिंचाव आ जाता है, तेज दर्द होता है या ऐंठन आने लगती है, तो समझ जाएं कि यह कैल्शियम की कमी के शुरुआती संकेत हैं। कैल्शियम की कमी से पैरों की मसल्स और जोड़ों के आस-पास क्रैंप्स आते हैं। ऐसा अधिकतर रात के वक्त होता है।

**ड्राइ स्किन-एक्जीमाः** शरीर में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा रहने से स्किन की नमी बरकरार रहती है। अगर आपकी त्वचा रूखी और बेजान है, तो यह कैल्शियम डेफिसिएंसी का संकेत हो सकता है।

**अंगों में सुन्नताः** अगर अंगों में सुन्नता या शिथिलता महसूस होने लगे, तो यह कैल्शियम की कमी की ओर इशारा करता है। इसका समय रहते उपाय ना किया जाए, तो ओस्टियोपोरोसिस की आशंका बढ़ जाती है।

**पीएमएम के लक्षणः** कैल्शियम की कमी से महिलाओं में प्रीमेंस्टुअल सिंड्रोम के लक्षण तीव्र हो जाते हैं। पीठ, कमर और पेट में दर्द अधिक होने लगता है। कुछ महिलाओं में तो ब्लड फ्लो भी बढ़ जाता है।

**दांतों में पीलापनः** शरीर में मौजूद कैल्शियम को दांत भी एब्जॉर्ब करते हैं। जब इसकी कमी होने लगती है तो दांतों में पीलापन नजर आने लगता है। इस तरह दांतों में पीलेपन की एक वजह कैल्शियम की कमी भी हो सकती है।

**कैल्शियम की डोजः** वयस्क पुरुष को प्रतिदिन 1200 एमजी कैल्शियम की जरूरत होती है, महिला को 1500 एमजी और बच्चों को 1000-1200 एमजी की जरूरत होती है। कुछ फूड्स के प्रति 100 ग्राम में कैल्शियम की मात्रा इस प्रकार होती है- गेहूं में 50 एमजी, सोयाबीन में 260 एमजी, मटर में 200 एमजी, राजमा में 240 एमजी, गाय के दूध में 120 एमजी, स्किम्ड मिल्क में 120 एमजी और दही में 150 एमजी। इस आधार पर अपनी डाइट प्लान कर सकते हैं। लेकिन आहार में कैल्शियम सप्लीमेंट शामिल करने से पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य ले लें। अपने मन से सप्लीमेंट लेने का फैसला नुकसानदायक हो सकता है। *

**(डायटीशियन संगीता मिश्र से बातचीत पर आधारित)**

---

**अवेयरनेस**

डॉ. एम. अलीम

ब्रेन स्ट्रोक एक सीरियस मेडिकल डिजीज है। हर साल 29 अक्टूबर को वर्ल्ड स्ट्रोक-डे मनाया जाता है, ताकि इसकी गंभीरता के बारे में ना सिर्फ आम लोगों को जागरूक किया जा सके बल्कि इसके उपचार और बचाव के संबंध में भी बेहतर तैयारी की जा सके।

# ब्रेन स्ट्रोक मेडिकल ट्रीटमेंट में ना करें देर

ब्रेन स्ट्रोक को आमतौर पर सिर्फ 'स्ट्रोक' भी कहा जाता है। किसी इंसान को स्ट्रोक तब पड़ता है, जब मस्तिष्क को रक्त की जरूरी आपूर्ति अवरुद्ध हो जाती है। इस प्रक्रिया को सेरेब्रो वेस्कुलर दुर्घटना (सीवीए) भी कहा जाता है। वास्तव में जब मस्तिष्क की रक्त आपूर्ति बाधित हो जाती है तो उसे पर्याप्त ऑक्सीजन या पोषक तत्व नहीं मिलते हैं, इससे स्ट्रोक आ जाता है।

**कई तरह के स्ट्रोकः** स्ट्रोक की अलग-अलग प्रकृति होती है। यह कुछ मिनटों से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। स्ट्रोक होने के बाद, लोग अलग-अलग समय सीमा के भीतर ठीक हो जाते हैं, जिसमें स्ट्रोक की गंभीरता के आधार पर महीनों या साल भी लग सकते हैं। साथ ही कुछ के लक्षण 24 घंटे में भी गायब हो जाते हैं। दरअसल, नसों में ब्लड क्लॉट जमने से मिनी स्ट्रोक पड़ता है। जिससे खून पूरी गति के साथ घूम नहीं पाता है। लेकिन ये ब्लड क्लॉट छोटे और अस्थाई होते हैं और कुछ ही देर में वापस घुल जाते हैं। लेकिन इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर से तुरंत कंसल्ट करना चाहिए।

**चिंताजनक हैं आंकड़ेः** वर्ष 1990 में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के एक अध्ययन के मुताबिक ब्रेन स्ट्रोक दुनिया भर में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण था। साल 2010 में यह अध्ययन दोबारा से हुआ और तब पता चला कि दुनिया में हर साल 58.70 लाख लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हो जाती है। जबकि 1990 में जब पहली बार इस पर अध्ययन हुआ था, तब इससे हर साल 46.60 लाख लोगों की मौतें हो रही थीं। कहने का मतलब यह कि 1990 से 2010 के बाद यानी दो दशकों में स्ट्रोक से होने वाली मौतों में 26 फीसदी का इजाफा हुआ। इसके बाद से भी लगातार स्ट्रोक की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

**स्ट्रोक के कारणः** स्ट्रोक का सबसे बड़ा नींद की कमी, खान-पान और एक्सरसाइज में संतुलित तालमेल का ना होना, मोटापा, ब्लड प्रेशर और प्रदूषण जैसी समस्याओं के कारण स्ट्रोक की समस्या बेलगाम हो गई है। पहले जहां स्ट्रोक एक उम्र के बाद आया करता था, वहीं अब यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को आ जाता है। साथ ही महिलाओं को स्ट्रोक आने की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। स्ट्रोक कम उम्र के नौजवानों को भी अब ज्यादा चपेट में ले रहा है।



**इससे बढ़ता है रिस्कः** जब हमारा उच्च रक्तचाप नियंत्रण से बाहर होता है। हमारी आहार आदतों के कारण कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाती है। मधुमेह अनियंत्रित होती है, फलों और सब्जियों की हमारे खान-पान में बिल्कुल ही नहीं या बहुत कम भागीदारी होती है, तो ब्रेन स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए धूम्रपान पूरी तरह से छोड़ दें, शराब बिल्कुल ना पीएं, हर दिन मौसमी फल और हरी सब्जियां जरूर खाएं।

**अवेयरनेस है जरूरीः** आज की तारीख में भारत में स्ट्रोक एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चिंता है। विश्व स्ट्रोक दिवस मनाये जाने के पीछे मकसद यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसकी भयावहता को समझें और इसके संकेतों, लक्षणों आदि से जागरूक हों, ताकि असमय मृत्यु से बचने की कोशिश कर सकें। *



हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों में पार्टी की जीत के ...





13 समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कर लें सभी जरूरी...






# शिक्षकों की मांग, पालक बच्चों को चार दिन से नहीं भेज रहे हैं स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ हितेकसा के नागरिक आज कलेक्टर से मिलकर बताएंगे समस्या

बुधवार को प्राइमरी स्कूल हितेकसा में शाला प्रबंधन समिति, पालक एवं ग्रामवासियों ने शिक्षक की मांग को लेकर बच्चों को स्कूल नहीं भेजा। दोनों शिक्षक स्कूल आकर बच्चों का इंतजार करते रहे, लेकिन शिक्षा विभाग के किसी अधिकारी ने इस ओर कोई पहल नहीं की। विभागीय अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए अब पालक, शाला प्रबंधन अध्यक्ष सहित सदस्य एवं पंचायत के पदाधिकारी 24 अक्टूबर को जिला कलेक्टर के समक्ष जाकर ज्ञापन देंगे। इसके साथ ही कहा कि उसके बाद भी अगर मांग पूरी नहीं हुई, तो आंदोलन को और गति देने का ज्ञापन सौपेंगे। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष यशोदा जुर्री, उपाध्यक्ष योगेश्वरी साहू, चन्द्रकला सोरी ने बताया कि शिक्षक की मांग को लेकर पालकों के निर्देश पर चार दिन से बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं, लेकिन शिक्षा विभाग इसे मजाक बना कर रख दिया है। अगर शिक्षा विभाग इस मांग को पूरा नहीं कर सकता, तो हितेकसा के प्राइमरी स्कूल को बंद कर दे यही उचित रहेगा।

उन्होंने बताया कि शाला प्रबंधन समिति, पालकगण एवं पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण मिलकर गुरुवार को कलेक्टर से मिलकर समस्या से अवगत कराएंगे। रामस्वरूप धुवे, विनोद नरेटी, कुशल राम सिन्द्राम, उमेंन्द्र साहू, देवेन्द्र जुर्री ने बताया कि अगर दो दिन में मांग पूरी नहीं हुई, तो हम बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। यहां शिक्षक नहीं है, तो बच्चों के भविष्य के साथ शिक्षा विभाग क्यों खिलवाड़ कर रहे हैं, सीधे सीधे जवाब दे देना चाहिए।

### नहीं पहुंचे अधिकारी




शाला प्रबंधन समिति के लोगों ने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों के दबाव के कारण ही प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर ने ऋषि कुमार प्रधान को रिलीव किया है। अधिकारी हेडमास्टर को धमकी देते रहे जिसके कारण मजबूर होकर हेडमास्टर ने शिक्षक को रिलीव किया है। सरपंच भूपेश कुमार हिरवानी ने बताया कि पालकगण, शाला प्रबंधन समिति ने जो कदम उठाया है वह जायज है। बुधवार को शिक्षा विभाग के अधिकारी सुध लेने भी नहीं आए। इसलिए सभी के निर्णय पर गुरुवार को जिला कलेक्टर के पास जाकर ज्ञापन सौपेंगे।

## खबर संक्षेप

### जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर निरस्त

**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खल्लारी में 25 अक्टूबर 2024 को आयोजित होने वाला जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को निरस्त कर दिया गया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम जंवारा की प्रस्तुति 3 को

**बालोद/निकुम।** बाबा मोंहदीपाठ मड़ई के अवसर पर समस्त ग्रामवासी खुरसुल के तत्वावधान में बाजार चौक में आगामी 3 नवंबर को छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक जंवारा की प्रस्तुति रात्रि 9 बजे होगी। आयोजन समिति प्रमुख कमल नारायण साहू व तेजप्रकाश साहू ने दी।

### फड़ मुंशी मांगों को लेकर कल करेंगे प्रदर्शन

**बालोद।** प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में कार्यरत 11000 फड़ मुंशियों को छग विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 के चुनावी घोषणा पत्र में कमीशन के अतिरिक्त 25000 रुपए प्रति वर्ष मानदेय देने की घोषणा की गई थी। जिसकी पूर्ति के लिए 25 अक्टूबर को 01 दिवसीय जिला स्तरीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन करने की घोशणा की है। बालोद के फड़मुंशी अध्यक्ष ने कहा कि घोषाण को लागू करने के लिए संगठन द्वारा मुख्यमंत्री, वन मंत्री तथा वन विभाग के प्रधान वन संरक्षक, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंधक संचालक से भेंट कर लगातार मांग की गई। किंतु, संगठन को आज तक केवल आश्वासन ही मिला है। इसलिए 25 अक्टूबर को 1 दिवसीय जिला स्तरीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है।

### कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक से सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम का दिया सुझाव

# सरदार पटेल मैदान में पटाखा दुकान पर नपा व पुलिस प्रशासन ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सरदार पटेल मैदान में पटाखे की दुकान लगाने की तैयारी चल रही है, जिसे लेकर नगर पालिका प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने आपत्ति जताई है। कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक के नाम लिखित पत्र देकर पटाखा दुकान को शहर के सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में लगाने की बात कही है, जबकि दूसरी ओर जिला प्रशासन इस पूरे मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं।

दरअसल जिला मुख्यालय में त्यौहार नजदीक आते ही भीड़ अधिक बढ़ जाती है। दीपावली त्यौहार को लेकर जिला मुख्यालय में अभी से भीड़ बढ़ने लगी है। ग्रामों से खरीदी बिक्री करने मुख्यालय पहुंचने वाले लोगों के ▶▶| शेष पेज 13 पर



### जमीन मालिक ने की है आपत्ति

सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम है। उस जमीन के मालिक ने आपत्ति की है कि पटाखा दुकान न लगाएं। अब देखते हैं क्या होता है।

**- प्रतिमा ठाकरे,** एसडीएम

**नगर पालिका सीएमओ ने पत्र में कहा :** दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों द्वारा खरीदी करने बालोद के मेन मार्केट, सदर रोड़ एवं घड़ी चौक के आसपास व सदर क्षेत्र के रोड किनारे में अपना वाहन की पार्किंग की जाती है। इसी प्रकार व्यवसायियों एवं दुकानदार द्वारा सामानों की खरीददारी करने, फूलमाला, मिठाई, लाईट झालर, मिट्टी के बर्तन, पसरा, ठेला लगाने से रोड पर जाम की स्थिति निर्मित होती है, जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसे मद्देनजर शहर के सरदार पटेल मैदान में पार्किंग व्यवस्था, हेतु उपयोग करने, फूलमाला, मिठाई, लाईट झालर, मिट्टी के बर्तन, पसरा, ठेला लगाने वालों को सरदार पटेल मैदान में जगह दिये जाने से मार्केट को व्यवस्थित किया जा सकता है। सरदार पटेल मैदान के आस पास भीड़ वाली क्षेत्र होने से उक्त मैदान में फटाका दुकान का स्टाल लगाने से अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति में अधिक जान-माल की हानि हो सकती है।

### पुलिस प्रशासन के एसडीओपी ने पत्र में कहा

आगामी समय में दीपावली का त्यौहार है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग सदर मार्केट क्षेत्र में समानों की खरीददारी करने आते हैं। घड़ी चौक के आस-पास व सदर क्षेत्र में रोड़ किनारे फूलमाला, पसरा, ठेला लगाने से रोड जाम की स्थिति निर्मित होती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके नजदीक सरदार पटेल मैदान को पार्किंग के लिए उपयोग करने एवं फूलमाला, पसरा, ठेला लगाने वालों को सरदार पटेल मैदान में जगह दिये जाने से मार्केट को व्यवस्थित किया जा सकता है। सरदार पटेल मैदान के आस-पास अधिक भीड़ होने से सरदार पटेल मैदान में पटाखा दुकान रखे जाने से अधिक जान-माल की हानि हो सकती है।

### अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम देवसरा का मामला

# झाड़ियों के बीच बेहोश मिला 6 साल का मासूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

6 साल के मासूम बच्चे गांव से दूर झाड़ियों में घायल और बेहोशी की अवस्था में मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे का इलाज भिलाई के अस्पताल में कराया जा रहा है। बच्चे के शरीर पर चोट के निशान हैं। उसकी एक आंख बुरी तरह से चोटिल है।

बच्चे के शरीर को देखकर ऐसा लगता है कि किसी व्यक्ति ने बच्चे की हत्या करने की नीयत से बेरहमी के साथ पिटाई कर उसे झाड़ियों के बीच छोड़ दिया। यह पूरा मामला जिले के अर्जुन्दा थाना से 12 किलोमीटर दूर ग्राम देवसरा का है। मिली जानकारी के अनुसार 6 साल का मासूम बच्चा लिकेश कुमार साहू 21 अक्टूबर को सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बच्चा स्वस्थ्य होने के बाद बताएगा

इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने बताया कि इस मामले में किसी को कुछ भी पता नहीं है। थाना प्रभारी ने बच्चे से बात करने की कोशिश की, लेकिन वह कुछ बता नहीं पाया है। बच्चा जब ठीक हो जाएगा तो वह बताएगा कि किसने उसके साथ मारपीट की और क्यों की। उन्होंने कहा कि इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिए हैं।







## खबर संक्षेप



### अरविंद्र बने जिलाध्यक्ष राजेंद्र जिला उपाध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज की ओर से जिला इकाई रायपुर की बैठक और जिलाध्यक्ष का चुनाव हुआ। यह बैठक प्रदेश कार्यालय काशीराम नगर स्थित गुरु रविदास भवन में विगत दिनों की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष अरविंद्र कुभरे और जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र बरेकर को बनाया। साथ ही महिला मंडल से आशा मनघटे को जिला उपाध्यक्ष चुना गया। यह बैठक प्रांतीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. केएल टांडेकर और प्रांतीय संरक्षक शिवचरण खरे के नेतृत्व में की गई। यह जानकारी समाज के जिला महासचिव संतोष चौहान ने देते हुए बताया कि बैठक में शिवचरण खरे, मनोज सेवतकर, महेश चौहान आदि सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्टॉफ की कमी से जूझ रहा है विधि विभाग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह ने विधि विभाग में स्टॉफ की भर्ती करने की मांग वित्त विभाग के सचिव से की है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कार्यालय स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। विगत बजट में 19 अतिरिक्त पदों के सृजन के लिए वित्तीय प्रावधान की स्वीकृति दी गई थी। पद सृजन की स्वीकृति के लिए विधि मंत्रालय द्वारा 1 जुलाई को वित्त मंत्रालय नस्ती प्रेषित की गई, किंतु वित्त मंत्रालय द्वारा विधि मंत्रालय को नहीं लौटाई गई है। कर्मचारी संबंधित अधिकारियों से कई बार निवेदन कर चुके हैं, पर कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाई। अतिरिक्त सेटअप स्वीकृत न हो पाने से विभाग में भर्ती और पदोन्नति में विलंब से शासकीय कार्य प्रभावित होने के साथ-साथ कर्मचारियों में निराशा व्याप्त है।

### फर्जी पेपर दिखाकर 20 लाख में बेच दी जमीन

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने 20 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी संकेत अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हर्षद सुराना, दीपक कुमार, भवानी शंकर एवं मोहित यादव ने मिलकर उसे अकलतरा में 130 एकड़ भूमि बिक्री के लिए दिखाई थी। इस भूमि की रजिस्ट्री के दस्तावेज भी उनके द्वारा दिखाए गए थे, जिसे असली मानकर प्रार्थी ने जमीन का सौदा कर 20 लाख 19 हजार 98 रुपए अलग-अलग दिनों में आरोपियों को दिए। रकम देने के बाद जब जमीन के दस्तावेज की जांच की तो वे फर्जी निकले।

### पुरानी रंजिश पर ब्लेड से किया हमला, घायल

**रायपुर।** पुराने स्कूल में हुए झगड़े के विवाद पर युवक को ब्लेड मारकर घायल कर दिया गया। मामले में डीडीनगर पुलिस ने उज्जवल, गुलशन तथा अमित बघेल नामक युवक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। ब्लेड के वार से दीपक जगत के चेहरे पर चोट आई है, जिसे इलाज के लिए एम्स में दाखिल किया गया है। घटना सोमवार रात आठ बजे की बताई गई है। सोहन नेताम की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम कर उनकी तलाश की जा रही है।

# कलेक्टोरेट में लगी बायोमैट्रिक मशीन, उपस्थिति के लिए थंब लगाने लग रही लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के कलेक्टोरेट कार्यालय में अब शासकीय कर्मचारियों के समय पर कार्यालय आने और जाने की निगरानी के लिए कार्यालय के बाहर बायोमैट्रिक मशीन लगा दी गई है, ताकि कर्मचारियों के आने व जाने के समय की उचित निगरानी की जा सके तथा बरती जा रही मनमानी पर रोक लगाई जा सके।

लेकिन जिले के कलेक्टर कार्यालय में लगी बायोमैट्रिक मशीन मात्र कर्मचारियों की निगरानी के काम आ रही है, जिससे अधिकारियों पर कोई प्रभाव पड़ता नहीं दिख रहा है। जिले के कलेक्टोरेट कार्यालय में जहां सैकड़ों की संख्या में अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां मात्र एक बायोमैट्रिक मशीन लगाई गई है। इसमें अपना बायोमैट्रिक थंब करने के लिए कर्मचारियों को थंब करने के लिए लाईन में लगना पड़ जाता है। इससे स्वयं दूसरी की समस्याओं का निदान करने वाले कर्मचारी समस्याओं का शिकार हो रहे हैं।

## केवल एक ही मशीन होने के कारण लग रहा ज्यादा समय



### करना पड़ रहा इंतजार



एक ही बायोमैट्रिक मशीन तथा सैकड़ों की संख्या में अधिकारी कर्मचारी होने के कारण महिला प्रथम का नियम लागू नहीं हो पाता। महिला व पुरूष को एक ही लाईन में लगकर अपना थंब लगाना पड़ता है। जिससे लाईन लगने के साथ अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय में जहां कर्मचारियों द्वारा लाईन लगकर थोड़ा इंतजार कर थंब लगाना पड़ रहा है, वहीं अधिकारियों पर यह नियम लागू होता नहीं दिख रहा है, प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह व शाम अपना थंब मात्र कर्मचारी ही लगा रहे हैं और अधिकारी कार्यालय आते ही सीधे अपने दफ्तर में जा रहे हैं।

### मशीन की संख्या बढ़ाने की मांग

कर्मचारियों ने बायोमैट्रिक मशीन की संख्या बढ़ाने तथा महिलाओं व पुरूषों के लिए अलग-अलग बायोमैट्रिक रखने की मांग की है। ताकि लाईन लगने पर भी दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## मांग : अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने किया प्रदर्शन

# स्वास्थ्य कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने दिया धरना, अभद्रता करने वालों पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर व कर्मचारी पर असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट व गाली गलौज करने का मामला निकालकर सामने आ रहा है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला बालोद छत्तीसगढ़ के बैनर तले अर्जुंदा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र के सामने एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान 15 सितंबर को अर्जुंदा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में घटित मारपीट व गाली गलौज के मामले में एक आरोपी सन्नी तिवारी के बाहर घूमने का आरोप लगाते हुए उसकी भी गिरफ्तारी की मांग की गई। स्वास्थ्य कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने कहा कि 13 अक्टूबर को आरोपी प्रवीण चंदेल के पिता स्वर्गीय किशोर सिंह चंदेल की मृत्यु रायपुर के किसी अस्पताल में ब्रेन हेमरेज हो जाने के कारण हो गई। उनके शव को लेकर सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र अर्जुंदा में क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा 50





से 60 व्यक्तियों के साथ पहुंच कर काफी उत्पात मचाया गया। इस दौरान ड्यूटी डॉक्टर लेखराम कोसरे व छत्तीसगढ़ मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद जायसवार को बड़े ही अभद्रता पूर्वक विधायक कुंवर सिंह निषाद के द्वारा हॉस्पिटल परिसर से बाहर निकाल दिया गया। साथ ही गाली गलौज भी की गई। इसके साथ ही डॉ लेखराम कोसरे पर आरोपी परिवार द्वारा विभिन्न प्रकार से गाली गलौज व प्रताड़ित करने का प्रयास किया गया।

### उपद्रवियों पर की जाए कार्रवाई

इन सभी मुद्दों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला बालोद छत्तीसगढ़ के बैनर तले एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर कुंवर सिंह निषाद व उनके साथ उपस्थित सभी उपद्रवियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की। इसके साथ ही तीन प्रति का ज्ञापन व एक पेन ड्राइव सौंपा गया। इस पूरे कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के 9 संगठन के कर्मचारी-अधिकारी सम्मिलित हुए। साथ ही सभी ने दिनांक 13 तारीख को हुए उपद्रव पर अपना अपना विचार रखा और तत्काल इस पर कार्रवाई करने की मांग की।

# कोई भी जरूरतमंद विद्यार्थी शिक्षा लोन प्राप्त करने से वंचित न रहे : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कलेक्टर ने जिले के सभी बैंकर्स की बैठक लेकर दिए निर्देश

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी बैंकर्स को शासन के मंशानुरूप विशेष प्राथमिकता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण प्रदान करने के निर्देश दिए हैं, जिससे कि विद्यार्थियों के अध्ययन–अध्यापन के लिए समय पर मदद उपलब्ध हो सके।

कलेक्टर चन्द्रवाल मंगलवार 22 अक्टूबर को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिलास्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक में उपस्थित बैंकर्स को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर आर्थिक मदद उपलब्ध कराकर उनके भावी भविष्य के निर्माण में सहयोग प्रदान करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। जिसे ध्यान में रखते हुए शिक्षा लोन के प्राप्त प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में चन्द्रवाल ने बैंकवार अब तक शिक्षा लोन से संबंधित कुल एवं स्वीकृत प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी बैंकर्स को यह सुनिश्चित कराने को कहा कि कोई भी जरूरतमंद विद्यार्थी शिक्षा लोन प्राप्त करने से वंचित न रहे। बैठक में चन्द्रवाल ने आम जनता को बैंकिंग क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित की जा रही वित्तीय साक्षरता शिविर के आयोजन के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने बैंकवार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति योजना के क्लेम से संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने जिलास्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक में बैंकों के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

# फसल तैयार, होने लगी कटाई



**बालोद।** आगामी 20 दिनों बाद 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत होगी। राज्य सरकार द्वारा जिले के करीब डेढ़ लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी, जिसकी तैयारी प्रशासन द्वारा और किसानों द्वारा भी युद्धस्तर पर की जा रही है।

सबसे बड़ी समस्या किसानों के सामने धान को सुरक्षित रखने की है, किसानों के घरों में कोठी जैसी व्यवस्था घटने लगी है। प्रशासन द्वारा धान उपार्जन केंद्रों में साफ सफाई से लेकर बारदाने की व्यवस्था सहित पंजीकृत किसानों की लिस्ट तैयार करने जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को तेज गति से किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर जिले के अन्नदाता भी धान की कटाई पर जोर दे रहे हैं। जिले के किसान अपने खेतों में पक कर तैयार हो चुकी लहलहाती धान की कटाई कर उसे सुरक्षित रखने में जुटे हुए हैं। कई किसान आधुनिक मशीन के जरिए धान की कटाई तथा मिंजाई एक साथ कुछ ही घंटों के भीतर कर रहे हैं, तो कई किसान मजदूरों के माध्यम से औजार के जरिए हाथों से धान की कटाई करा रहे हैं, जिसके बाद मशीन के माध्यम से धान की मिंजाई कर उसे बोरे में भरकर रखा जाएगा।

# प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत मत्स्य पालकों का पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केन्द्र शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत विभिन्न घटकों का लाभ प्राप्त करने हेतु एन.एफ.डी.पी. पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि एन.एफ.डी.पी. का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों के लिये कार्य आधारित पहचान के डाटाबेस का निर्माण कर उसके माध्यम से भारतीय मत्स्य पालन को औपचारिक रूप देना है।

उन्होंने बताया कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि एवं योजना के तहत मत्स्य पालन अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु पंजीयन अनिवार्य होगा। उक्त कार्य अन्तर्गत मछली पालन, मत्स्याखेट एवं मछली बेचने के व्यवसाय के जुड़े सभी लोगों का पंजीयन च्वाईस सेंटर के माध्यम से किया जा सकता है। यदि परिवार के सभी सदस्य मछली पालन कार्य में संलग्न है तो सभी सदस्य का पंजीयन व्यक्तिगत रूप से किया जाएगा।

पंजीयन और मत्स्य विभाग से सत्यापन पश्चात उनके बैंक खाते में 80 रूपये शासन की ओर से प्राप्त होंगे। कॉमन सर्विस सेंटर (च्वाइस सेंटर) को उनके प्रत्येक एंट्री पर 18 रूपये कमीशन के रूप में प्राप्त होगा। पंजीयन हेतु मत्स्य कृषकों को अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक, तथा आधार लिंक मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओ.टी.पी. अनिवार्य होगा। उन्होंने मत्स्य कृषकों से अधिक से अधिक पंजीयन कराने की अपील की है।

# कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलर कार्यशाला में बड़गांव की व्याख्याता कादंबिनी हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- छत्तीसगढ़ से सिर्फ चार व्याख्याताओं का हुआ था चयन

छत्तीसगढ़ समग्र शिक्षा रायपुर के तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलर की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान श्याम लता हिल्स भोपाल में आयोजित की गई थी।

जिसमें छत्तीसगढ़ से सिर्फ चार व्याख्याता का चयन किया गया था। जिसमें बालोद जिले से प्रतिनिधित्व करने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव की व्याख्याता कादंबिनी यादव का चयन हुआ था। इस कार्यशाला में अन्य राज्य के शिक्षक एवं काउंसलर भी सहभागी रहे। इस कार्यशाला का आयोजन वाधवानी फाऊंडेशन, मिनिस्ट्री आफ एजुकेशन गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया और एनसीईआरटी पीएसएससीआईवीई के तत्वावधान में किया गया था। जहां पर प्रमुख रूप से करियर कार्ड के साथ करियर पथ की खोज, स्कूली छात्रें के लिए करियर गाइड की थीम पर व्याख्याताओं के साथ परिचर्चा सहप्रशिक्षित किया गया। सफलता के



500 रास्ते, स्कूल के बाद जीवन को कैसे आगे बढ़ाया जाए, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रलय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने यूनिसेफ इंडिया और एनसीईआरटी के सहयोग से 29 जुलाई को अखिल भारतीय शिक्षा समागम की पूर्व संध्या पर कैरियर मार्गदर्शन पुस्तक का विमोचन किया था। यह कार्यशाला समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ से आशीष गौतम और अजय पिल्लई के मार्गदर्शन व निर्देशन में हुआ। साथ ही वर्कशाप में मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेटशन समीर डेनियल, ज्वाइन डायरेक्टर पीएसएससीआएवीई दीपक पालीवाल, प्रोजेक्ट समन्वयक डॉ वीसी मेहरोत्र, सुनील दहिया एवं वाधवानी फाउंडेशन प्रीति अरोरा का बेहतरीन मार्गदर्शन सभी को प्राप्त हुआ।

# प्रांतस्तरीय संस्कृति महोत्सव में अर्चना, पूर्वी व युवरानी ने रचा इतिहास





**जामगांव आर।** प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन राजिम में किया गया, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की छात्रा अर्चना यदु को एकल गीत में प्रांत स्तर पर द्वितीय सम्मान और छात्रा पूर्वी को शास्त्रीय नृत्य में प्रांत स्तर पर तृतीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार छात्रा युवरानी यदु ने एथलेटिक्स में संभाग स्तर पर गोल्ड मेडल प्रांत स्तर और क्षेत्र स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त कर गौरवमय इतिहास रचा। बुधवार को प्राचार्य पीएल बारले सहित आचार्य दीदियों ने गुलदस्ता भेंट कर प्रांत स्तर पर अपनी प्रतिभा से विद्यालय को गौरांवित करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।










# त्योहार पर केवल दो घंटे फोड़ सकेंगे पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व को राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में दिए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जारी आदेश में कहा गया कि राज्य में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित की जाए।

जिसके अंतर्गत दीपावली, छठ, गुरू पर्व तथा नववर्ष या क्रिसमस के अवसर पर पटाखे फोड़े जाने की अवधि 02 घण्टे निर्धारित की गई है। जिसमें दीपावली की रात्रि 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा को सुबह 06 बजे से सुबह 08 बजे तक, गुरू पर्व की रात्रि 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं नया वर्ष या क्रिसमस की रात्रि 11:55 बजे से 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही पटाखों के उपयोग के संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखा की बिक्री केवल लाईसेन्स ट्रेडर्स द्वारा किया जाए। केवल उन्हीं पटाखों के उपयोग के लिये बाजार में बेचा जा सकेगा, जिससे उत्पन्न ध्वनि स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण को रोकने की कार्यवाही को सुनिश्चित की जाए। ऐसे पटाखा निर्माता जिनके द्वारा पटाखों में लीथियम, आर्सेनिक एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया जाता है, उनके लाईसेन्स रद्द करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। ऑनलाईन अर्थात ई–व्यापारिक वेबसाईटों द्वारा पटाखों की बिक्री को प्रतिबंधित करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# डोंडी में भी डीएमएफ की राशि की बंदरबांट का अंदेशा, अब ईडी से शिकायत की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

बालोद जिले के एकमात्र आदिवासी विकासखण्ड डोंडी में पूर्ववती कांग्रेस सरकार में जिला खनिज संस्थान निधि(डीएमएफ) की राशि में जमकर बंदरबाट की जांच के लिए कांकेर लोकसभा सांसद के सख्त निर्देश के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा अब तक जांच की पहल नहीं की जा रही है।

आमजनों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि सर्व आदिवासी समाज द्वारा वर्ष 2023 में किए गए धरना प्रदर्शन व चक्काजाम तथा भाजपा मंडल डोंडी के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद भी आज पर्यंत तक जिला प्रशासन द्वारा जांच नहीं की गई, जिससे जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली संदेह के दायरे में है। वहीं, कोरबा जिले में हुए डीएमएफ घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के बाद की जा रही कार्रवाई जैसा ही बालोद जिले के डोंडी विकासखंड में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक स्वीकृत सभी कार्यों के क्रियान्वयन एवं किए गए भुगतान की जांच के लिए आवेदन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में करने की बात कह रहे हैं, जिससे आदिवासी विकासखंड डोंडी में भी करोड़ों रुपयों के डीएमएफ निधि में किए गए भ्रष्टाचार की जांच कर समुचित कार्रवाई की जा सकेगी।

### सर्व आदिवासी समाज ने वर्ष 2023 में जांच व कार्रवाई की मांग को लेकर किया था चक्काजाम

#### तीन सदस्यीय जांच दल का किया गया था गठन

गौरतलब है 21अगस्त 2023 को सर्व आदिवासी समाज ने मथाई चौक पर चक्काजाम कर डीएमएफ की राशि से डोंडी ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों की जांच की मांग की थी। तब तत्कालीन मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद ने ग्राम सुकडीगहन में बांस हस्त कला व्यावसायिक प्रशिक्षण के कार्यों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच दल का गठन कर 15दिवस में जांच कर जांच प्रतिवेदन देने का निर्देश था। किंतु एक वर्ष बाद भी जांच व जांच प्रतिवेदन का अता-पता नहीं है। इसी तरह सब्जी एवं मसाला विकास प्रशिक्षण, मशरूम प्रोडक्शन यूनिट केंद्र स्थापना, मधुमक्खी पालन शहद उत्पादन प्रसंस्करण प्रशिक्षण, कृषि कार्य संबंधी बाड़ी प्रशिक्षण व ड्रैगन फ्रूट पौधा रोपण कार्य, सिक्युरिटी गार्ड साफ्टवेयर-कंप्यूटर प्रशिक्षण, कड़कनाथ मुर्गी प्रोडक्शन यूनिट की स्थापना व प्रशिक्षण कार्यसहित अनेक कार्यों की जांच व कार्रवाई की मांग की गई है।

#### शीघ्र जांच व कार्रवाई नहीं होने पर फिर आंदोलन की चेतावनी

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि सभी कार्यों की जांच करवाकर शासकीय राशि का गबन करने वालों पर उचित कार्रवाई की मांग की। इसी तरह भाजपा मंडल डोंडी अध्यक्ष मनीष झा ने भी आदिवासी ब्लॉक के ग्रामीणों के विकास के लिए डीएमएफ मद से आबंटित राशि की जमकर बंदरबाट किए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं, रोहित माहला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज डोंडी ब्लॉक ने कहा कि जिला खनिज मद में किए गए भ्रष्टाचार की जांच कर कार्यवाही की मांग पूर्व में की गई थी किंतु आंदोलन के 14 माह भी जिला प्रशासन द्वारा जांच नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि मामलों की पारदर्शिता से शीघ्र जांच नहीं की जाती, तो फिर आंदोलन का रुख अख्तियार करना पड़ेगा। साथ ही इसकी शिकायत ईडी कार्यालय रायपुर में भी की जाएगी। वहीं, इस संबंध में जिपं बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु मोबाइल रिसीव नहीं किए जाने से उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

## खबर संक्षेप



### अकतई में हुई टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

**जामगांव आर।** ग्राम अकतई में ग्रामीण स्तरीय भव्य टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चतुर्थ दिवस अतिथि भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नारद साहू थे। साहू ने कहा कि क्रिकेट शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक मजबूती देने वाला खेल है। सदस्य जनपद पंचायत पाटन रवि सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत ओदरागहन जिनेश जैन, मीडिया प्रभारी भाजयुमो दक्षिण पाटन अभिषेक सेन, कोषाध्यक्ष कमलेश यादव मंच आसीन थे। टारगेट इलेवन एवं समस्त ग्रामवासी के समिति के पदाधिकारी सर्व भीषमलाल ठाकुर, जितेंद्र मंडावी, दिनेश चंद्राकर, गजानंद ठाकुर, योगेश उपाध्याय, चिवनदन ठाकुर, यशवंत साहू, मोनू ठाकुर, पंकज साहू, खिलेंद्र ठाकुर, मोंटी, सोभम ठाकर, करण यादव, कमलेश चंद्राकर मुकेश साहू, भानु ठाकर, उत्तम ठाकुर टीकम ठाकुर, बादल ठाकुर, सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### प्राधिकृत अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**गुरूर।** जनपद पंचायत सभाकक्ष गुरूर में त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन के लिए मतदाता सूची के दावा आपत्ति कार्यक्रम के संबंध में प्राधिकृत अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने काटने एवं संशोधन किए जाने के संबंध में ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों सचिव व रोजगार सहायकों को मास्टर ट्रेनर्स डीआर साहू, दिलीप कुमार साहू एवं दुर्गेश यादव ने विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि 24 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाना है तथा 24 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने काटने एवं संशोधन किए जाने का कार्य किया जाना है। इसी प्रकार दावा, आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 04 नवंबर तथा मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 29 अक्टूबर निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण में गुरूर एसडीएम प्राची ठाकुर, सीईओ जनपद पंचायत उमेश रात्रे, तहसीलदार गुरूर हनुमंत सिंह श्याम, देवेन्द्र नेताम एवं अतिरिक्त सीईओ जनपद पंचायत गुरूर सहित नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### सरदार पटेल मैदान ...

कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, जिसे नियंत्रण करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है, वहीं शहर में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग स्थल की है, क्योंकि त्यौहार की वजह से छोटे-छोटे व्यवसायी एवं ग्रामों से आने वाले ग्रामीण व्यवसायी अपनी दुकान सड़क किनारे ही लगाकर व्यवसाय करते हैं, ऐसे में यातायात व्यवस्था बाधित होता है। नगर पालिका सीएमओ और पुलिस प्रशासन के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पत्र जारी कर सरदार पटेल मैदान को वाहन पार्किंग स्थल व छोटे छोटे फुटकर व्यवसायियों के लिए दुकान लगाने जगह व्यवस्थित करने की बात कही गई है।

### झाड़ियों के बीच ...

अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। जब स्कूल जाने का समय हुआ तो बच्चे की माँ उसे खोजने लगी, लेकिन वह नहीं मिला। इस दौरान बच्चे के परिजन उसे काफी देर तक ढूंढते रहे। करीब 12 बजे के आसपास घर से 200 मीटर दूर नहर नाली के किनारे झाड़ियों के बीच वह बेहोशी की हालत में चोटिल अवस्था में मिला। बच्चे के शरीर से खून भी निकल रहा था। घटना के बाद परिजन तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल लेकर गए, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे भिलाई रेफर कर दिया गया। इधर बच्चे के पिता तुमन लाल साहू ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 109 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### कलेक्टर ने 14 नवंबर से शुरू हो रही धान खरीदी को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कर लें सभी जरूरी तैयारियां : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राज्य में आगामी 14 नवंबर से प्रारंभ हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत बालोद जिले में धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संबंधित विभागों के द्वारा की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले योजनाओं में से एक है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को इस दौरान केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, छांव, बैठक व्यवस्था, शौचालय एवं बिजली तथा इंटरनेट आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार धान की बिक्री हेतु सीमांत एवं लघु कृषकों को 02 टोकन एवं दीर्घ कृषकों को 03 टोकन प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा बॉयोमेट्रिक डिवाइस से सभी किसानों की धान की खरीदी की जाएगी। किसानों को साफ–सुथरा धान को ही धान खरीदी केन्द्रों में लाना आवश्यक है। इसके अलावा केवल 17 प्रतिशत नमी तक ही धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना की रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करें

बैठक में चन्द्रवाल ने जिला परिवहन अधिकारी से जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम उपाय सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने दुर्घटनाजन्य स्थानों को चिन्हित कर सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिला रेडक्रास सोसायटी कार्यकारिणी के गठन हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने जिला रेडक्रास सोसायटी के साधारण सभा की बैठक भी निर्धारित तिथि को आयोजित कराने के निर्देश दिए।

# मतदान करना सभी का मौलिक अधिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भाजपा मंडल अन्तर्गत डौंडी लोहारा नगर पंचायत चुनाव के लिए दो सदस्यीय नगरीय निकाय मतदाता पुनरक्षित समिति में जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर तथा भाजयुमो नेता धर्मेंद्र निषाद को शामिल किया।

उसके बाद दोनों सदस्यों ने नगर पंचायत डौंडी लोहारा के वार्ड क्रमांक 06 की भाजपा पार्षद माया जयेश ठाकुर के साथ वार्ड भ्रमण कर वार्डवासियों से संपर्क किया। वार्ड क्रमांक 06 के वार्डवासियों को सदस्य द्वय जयेश ठाकुर (जिला मंत्री भाजपा) तथा भाजयुमो नेता धर्मेंद्र निषाद तथा पार्षद माया जयेश ठाकुर ने समझाया कि किसी भी परिवार के18 वर्ष पूर्ण कर चुके पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में आवश्यक रूप से जुड़वाना है। इसी तरह मतदाता सूची में पूर्व में जुड़े नामों में कोई त्रुटि हो गई हो तो उसे भी आगामी 30 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से त्रुटि सुधार कराना है। इसी तरह मतदाता सूची में किसी सदस्य का नाम त्रुटिवश कट गया हो, तो इस स्थिति में भी उस सदस्य का नाम दुबारा पुनः जुड़वाना है।

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 06 में भ्रमण के दौरान समिति के सदस्य द्वय जयेश ठाकुर तथा धर्मेंद्र निषाद ने कहा कि मतदान करना सभी का मौलिक अधिकार है इसलिए किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से छूटना नही चाहिए। निर्वाचन आयोग द्वारा इस अवधि में वृद्धि कर इस अवधि को आगामी 30 अक्टूबर तक एक सप्ताह के लिए बढ़ाया गया है। इसलिए निर्वाचन आयोग द्वारा बढ़ाई गई समयावधि का लाभ उठाना है और डौंडी लोहारा नगर पंचायत के प्रत्येक वार्ड में छूटे हुए नगरवासियों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है, ताकि एक भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से छूट न पाये।

# बिना लाइसेंस पटाखा या विस्फोटक सामग्री बेचने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

■ अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कौशिक ने जारी किया आदेश

**बालोद।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दीपावली पर्व के दौरान जन–सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए है। अतिरिक्त जिलादण्डाधिकारी ने बताया कि विस्फोटक अधिनियम 1984 में निहित प्रावधानों के तहत नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों को जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से विभिन्न शर्तों के अधीन प्रारूप–एल–ई–5 में पटाखे को कब्जे में रखने एवं दुकान पर उनके विक्रय करने के लिए अनुज्ञप्ति निर्धारित समय–सीमा के लिये प्रदाय किया जाता है।

जिसके तहत जन स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बगैर अनुज्ञप्तिधारी व्यक्तियों द्वारा पटाखा या विस्फोटक सामग्री का विक्रय ना किया जाए, ऐसा करते पाये जाने पर तत्काल विस्फोटक सामग्री जप्ति कर विस्फोटक अधिनियम 1984 में निहित प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अस्थाई अनुज्ञप्ति को प्रतिवर्ष नवीनीकरण कराने का प्रावधान है। नवीनीकृत अनुज्ञप्ति प्राप्त किए बगैर पटाखा व्यवसाय करते पाये जाने पर विधिवत कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल पर ही दुकान लगाया जाए। अनुज्ञप्तिधारी व्यवसायी द्वारा अनुज्ञप्ति में उल्लेखित सभी शर्तों का पालन किया जाए एवं निर्देशों के उल्लंघन करने की स्थिति में अनुज्ञप्ति निरस्ती का प्रस्ताव भेजा जाएगा। आगामी दीपावली पर्व के दौरान जन–सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उपरोक्तानुसार निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# तंबाकू सेवन व धूम्रपान रोकने के लिए करें प्रभावी उपाय : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कलेक्टर ने स्वास्थ्य, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मंगलवार 22 अक्टूबर को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक लेकर जिले में इस कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को तंबाकू सेवन एवं धूम्रपान की रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के द्वारा तंबाकू एवं धूम्रपान के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने शिक्षण संस्थाओं के आस–पास तंबाकू से बने उत्पादों की बिक्री की रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे उपायों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली।

उन्होंने जिले में तंबाकू मुक्त कार्यालय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन करना पूरी तरह से वर्जित रहेगा। इसके अलावा इन कार्यालयों में आने वाले किसी भी व्यक्ति को तंबाकू से निर्मित उत्पादों का सेवन करने की अनुमति नही होगी। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में फ्लोरोसिस के नियंत्रण एवं रोकथाम के हेतु किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली।

## बिजनेस साइट

# बाउंड्री से घिरी सुरक्षित व रेरा से एप्रूव्ड है जलतरंग कालोनी

**बालोद।** बालोद अवैध कॉलोनीवासियों का गढ़ बना हुआ है। जिन लोगों ने इन क्षेत्रों में प्लाट लेकर मकान बनाया है, वे आज अत्यधिक परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि आमजनता को वैध या अवैध कॉलोनी में अंतर ही नहीं मालूम है, जिसके कारण वे भूमाफियाओं के मकड़जाल में फंसकर रह जाते हैं।

इसके लिए नगर पालिका एवं नगर निवेश से पता चला कि वर्तमान में बालोद में कॉलोनी एक्ट के तहत एकमात्र कॉलोनी जलतरंग विला है, जो पूर्णतः वैध कॉलोनी बनने के लिए रजिस्टर्ड है, जहां जमीन के साथ मकान भी बना कर दिया जा रहा है। शिकारी पारा कुंदरूपारा में बन रही कॉलोनी जलतरंग विला पहुंचने पर पता चला कि यह कॉलोनी चारों ओर बाउंड्री से घिरी है एक सुरक्षित कॉलोनी है। कॉलोनाईजर ने बताया कि उनकी कॉलोनी हर तरह से वैद्य एवं समस्त प्रकार के वैधानिक प्रक्रियायों से गुजर कर एवं सभी संबंधित सरकारी अप्रुवल प्राप्त करने के बाद ही बनाई जा रही है। ग्राहकों को विद्युत का स्थाई कनेक्शन में कोई परेशानी




नहीं है, रेरा अप्रूव्ड होने के कारण इसमे किसी भी प्रकार का कोई वाद विवाद नहीं है। स्वयं के साधनों से सीमेंट रोड के अलावा 2 निजी ट्रांसफार्मर लगवाने जा रहे हैं। मंदिर होने के अलावा, गार्डन भी दिया जा रहा है। कालोनी शहर के मध्य होने के कारण बस स्टैण्ड, कचहरी, स्कूल, कॉलेज आदि सिर्फ 5–10 मिनट की पैदल दूरी पर स्थित होने से भविष्य का एक सुविधाजनक प्रोजेक्ट रहेगा। कालोनाईजर ने बताया कि दीपावली बुंकिग राशि मात्र 51,000रूपए रखी गई है।उन्होंने बताया कि सभी प्रकार के बैंक एवं वित्तीय संस्थानों से अप्रुवल होने के कारण फाइनेंस की सुविधा आसानी से उपलब्ध है।



## खबर संक्षेप



### बासीन में खुलवाए गए 25 खाते

**गुरूर।** ग्राम पंचायत बासीन में महिला एवं बाल विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 25 खाते खुलवाए गए। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू ने ग्रामीणों को खाता खुलवाने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रामीणों के साथ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कुष्ठ सामान्य रोग है, असाध्य नहीं



**जामगांव आर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग की जानकारी देने कुष्ठ विभाग के अधिकारियों की टीम मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर पहुंची। विभागीय टीम ने विकसित भारत अभियान के तहत जिले को कुष्ठ रोग मुक्त करने कलेक्टर दुर्ग के संदेश का वाचन किया। कुष्ठ रोग विभाग टीम में एनएमएस द्वय पीआर बंजारे, एसडी बंजारे एनएमए द्वय सीएल मैत्री डीपी वर्मा, वरिष्ठ स्वास्थ्य शिक्षक के एस वर्मा शामिल रहे। टीम ने बच्चों को लक्षण के चित्र भी दिखाए। बंजारे ने बताया कि कुष्ठ रोग सामान्य रोग है, घबराने, डरने या छुआछूत वाली रोग नहीं है। सरकारी अस्पताल में दवाई निशुल्क मिलती है, ना कुष्ठ छुपाएं, ना घबराएं, अन्य बीमारी की तरह सामान्य इलाज कराएं। उन्होंने कहा कि त्वचा के ऊपर हल्का पीला बदरंग दाग जिसमें सुन्नपन हो, जिसमें दर्द खुजली जलन नहीं होती, चेहरे में सूजन, लाल चमक, कानों में गांठे तंत्रिका में सूजन, दर्द, झुनझुनी होना आदि लक्षण दिखे तो जांच कराए निःशुल्क दवाई पाएं। जिले को कुष्ठ रोग मुक्त करने में सभी दायित्व निभाएं।

### भाजपा के सक्रिय सदस्य बने अजीत



**अंडा।** दुर्ग जिला किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर को उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा ने सक्रिय सदस्य बनाया है। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री मुकेश चंद्राकर, उतई मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, फलेन्द्र राजपूत, मनोज चंद्राकर, यशवंत बंजारे आदि उपस्थित रहे।

### कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा के पर्यावरण विभाग द्वारा एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत कुरूद के प्रथम अरोग्रा शिक्षण केन्द्र व धमतरी के गंगरेल बांध का भ्रमण किया गया। भ्रमण दल में विभागाध्यक्ष नंदकिशोर सिन्हा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष मयंक कुमार मंडावी व भूगोल के विभागाध्यक्ष फुलेश्वरी ठाकुर एवं पर्यावरण बी.काम प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। यह भ्रमण छात्र-छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक व उत्साहपूर्वक रहा।

### चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में ब्लाक अध्यक्ष तामेश्वर ने दिए निर्देश

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों में पार्टी की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कमेटी ने पहली बैठक का आयोजन किया। बैठक संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा एवं पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा के मार्गदर्शन में हुई।

बैठक में ब्लाक अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने आने वाले चुनाव में कांग्रेस का परचम फिर से लहराने के लिए तथा संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन व विधायक की अगुवाई में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए रणनीति बनाई जाएगी। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं को बूथ, सेक्टर, जोन व ब्लाक के अनुसार जिम्मेदारी दी जाएगी। महामंत्री सादिक अली ने सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव में सफलता के लिए गिले शिकवे भूलकर कार्य करने की अपील की। विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, डॉ किशोर साहू, डॉ ओंकार महमल्ला ने कहा कि वर्तमान में जिले के तीनों विधानसभा में कांग्रेस समर्थित नेता काबिज हैं, विधानसभा चुनाव की तरह ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस का ही परचम लहराएगा।





बैठक में जनपद पंचायत गुरूर के उपाध्यक्ष तोषण साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, संजय चौधरी, जीवराखन साहू, नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष महिमा साहू, उपाध्यक्ष प्रमोद सोनवानी, हेमलाल धुरवे, चन्द्रहास सिन्हा, चोवाराम सहित ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस की बैठक में चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा



**बालोद।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सहप्रभारी एसए सम्पत कुमार की विशेष उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक रखी गई। बैठक में संगठन को मजबूत कर आने वाले नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सहप्रभारी श्री संपत ने कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा की। बैठक में विधायक डौंडीलोहारा अनिला भेड़िया, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चंद्रप्रभा सुधाकर सहित जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

# लोहारडीह हत्याकांड के आरोपी पर हो कड़ी कार्रवाई : संगीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

लोहारडीह हत्याकांड एवं कबीरधाम जिले में बढ़ते अपराध के विरोध में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा सहित प्रदेश एवं विभिन्न क्षेत्रों से कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि लोहारडीह की घटना ने छत्तीसगढ़ को शर्मसार किया है।

सरकार से मृतक कचरू की बेटी लालेश्वरी साहू ने पिता के हत्यारों को सजा दिलाने लड़ाई लड़ी है, वह पिता के हत्यारों को सजा दिलाने भाजपा सरकार के खिलाफ खड़ी रही। अपने संघर्ष से लालेश्वरी ने सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया। एक बेटी को न्याय मिला है। लोहारडीह हत्याकांड में जो भी आरोपी है, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### पीएम श्री स्कूल विनायकपुर में दिया गया न्योता भोज



**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मारकण्डे ने अपनी सास की स्मृति में कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों को न्योता भोजन कराया। इसके तहत सभी बच्चों को केला और संतरा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत, संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक संध्या शिवरामवर, पीएम श्री के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष स्मृति सोनी अध्यक्ष, भामिनी महार, डॉ.भूषण दिल्लीवार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली साहित्यिक संस्थाओं का किया सम्मान

**डौंडीलोहारा।** साकेत साहित्य परिषद सुरगी जिला राजनांदगांव द्वारा सुरगी के साकेत भवन में परिषद के रजत जयंती के अवसर पर साहित्यिक संगोष्ठी, सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।

- सुरगी के साकेत भवन में परिषद की रजत जयंती पर हुआ आयोजन

कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ अभिलाषा बेहार थे, अध्यक्षता डॉ दादूलाल जोशी वरिष्ठ साहित्यकार राजनांदगांव ने की। विशिष्ट वक्ता डॉ पीसी लाल यादव वरिष्ठ साहित्यकार गंडई, आत्माराम कोशा वरिष्ठ साहित्यकार, हरभजन सिंग भाटिया मानस मर्मज्ञ, दीनदयाल साहू संपादक चौपाल हरिभूमि रायपुर रहे। संगोष्ठी का विषय संस्कारधानी राजनांदगांव की समृद्ध साहित्यिक परम्परा एवं साकेत परिषद रहा। कार्यक्रम का निर्देशन एवं क्रियान्वयन परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर द्वारा किया जा रहा था। संचालन महेंद्र बघेल मधु एवं लखन लाल साहू लहर ने किया।

छत्तीसगढ़ में श्रेष्ठतम साहित्य पर कार्य करने वाले साहित्यिक संगठन मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद ,शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव, भोरमदेव साहित्य सृजन मंच कबीरधाम एवं लोक सांस्कृतिक संस्था धरती के सिंगार भोथीपारकला को साहित्यिक योगदान पर साकेत सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। मधुर साहित्य परिषद बालोद के अध्यक्ष डॉ.अशोक आकाश को सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह, शॉल, श्रीफल व सम्मान राशि से सम्मानित किया गया। इस स्वर्णिम पल के साक्षी परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य देवनारायण नगरिहा, कन्हैया लाल बारले, देव जोशी गुलाब, गुमान सिंह साहू, अजय कुमार चौहान, लालेश्वर अरुणाभ, गजपति राम साहू, पुष्कर सिंह राज, शमीम अहमद सिद्धकी, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।



# शहीद टिकेश्वर, नारद राम व धनंजय सिंह के शौर्य को किया याद, दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि दी गई।

- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस



उनके बलिदानों को नमन करते हुए जिला मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा शहीद पुलिस जवानों ने जिस स्कूल कालेज से शिक्षा प्राप्त किया था, उस स्कूल या कालेज में उनकी शहादत के संबंध में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे संबंधित स्कूल कालेज में अध्यापकों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों द्वारा इन्हें श्रद्धांजलि दी जा सके, ताकि उन पुलिस जवानों के शौर्य, वीरता,पराक्रम को याद कर गौरवान्वित महसूस कर सकें। प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से लोहा लेते हुए, मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद पुलिस जवान की वीरता का स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनका बलिदान विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन कार्य के प्रति निष्ठा व समर्पण का संदेश देता रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस स्कूल से शिक्षा प्राप्त करने वाले शहीद आरक्षक टिकेश्वर देशमुख, शहीद नारद राम निषाद, शहीद प्रधान आरक्षक धनंजय सिंह को पुलिस स्मृति दिवस पर विद्यालय के छात्र छात्रओं ने मौन श्रद्धांजलि दी। व्याख्याता शेषनारायण दुबे ने शहीद पुलिस जवानो की जानकारी देते हुए बताया कि शहीद आरक्षक टिकेश्वर देशमुख 12 जुलाई 2009 मदनवाड़ा जिला राजनांदगांव में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए। एसटीएफ के शहीद नारद राम निषाद सहायक प्लाटून कमांडर सिवनी बालोद के निवासी थे। 21 मार्च 2020 को ग्राम मिनपा एवं बुरकापाल के बीच हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए शहीद हो गए। शहीद प्रधान आरक्षक धनंजय सिंह 16 अप्रैल 2006 को आउट पोस्ट मुरकीनार जिला बीजापुर में नक्सलियों द्वारा हमला करने पर जवाबी कार्रवाई करते हुए शहीद हो गए। एनसीसी आफिसर आरके सार्वा एवं कैडेट्स समस्त स्टाफ शिक्षकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



# श्री जामड़ी पाटेश्वर में धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखण्ड अंतर्गत स्थित छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में नवनिर्मित माँ कौशल्या मन्दिर प्रांगण में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संपूर्ण छत्तीसगढ़ की कला को समेटे हुए मां कारो कन्या रिकॉर्डिंग डांस ग्रुप तारालीम बेरला द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर प्रसिद्ध आकाशवाणी सिंगर रुही साहू ने पंडवानी और आदिवासी अंचल खड़खड़ी चौकी से रामायण मंडली ने मानसगान ने समां बांध दिया। धाम के संचालक संत श्री राम बालक दास ने बताया कि आगामी 2026 में मां कौशल्या की विश्व की प्रथम प्रतिमा की स्थापना यहां होने वाली है।

यहां 7 फीट की मां कौशल्या की गोद में रामलला को लेकर प्रतिमा यहां विराजित होगी। यह प्रतिमा जयपुर राजस्थान में एक करोड़ की लागत से बन रही है, जो विश्व की प्रथम मां कौशल्या की प्रतिमा होगी। अयोध्या में जिस तरह राम जन्मभूमि तीर्थ बन रहा है इस तरह छत्तीसगढ़ मां कौशल्या का मायका है यहां भी मां कौशल्या जन्मभूमि तीर्थ का निर्माण होना आवश्यक था। इस निर्माण से विश्व के नक्शे पर छत्तीसगढ़ भी एक धाम के रूप में स्थापित होगा।

# जिपं सीईओ ने की स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन कार्यक्रम, टीबी, एनसीडी, एनवीबीडीसीपी, अधत्व निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ट उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, महामारी नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सूर्यवंशी, एनटीईपी, एनसीडी आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव ग्लैड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम अखिलेश शर्मा एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखण्ड डाटा प्रबंधक एवं सेक्टर उपस्थित थे। बैठक में गर्भवती पंजीयन प्रथम तिमाही में किये जाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने, सेक्टर बैठक में लक्ष्य दम्पत्तिवार समीक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम में प्रगति तथा उक्त कार्यक्रमों की समयावधि में मासिक रिपोर्ट की प्रविष्टि कराये जाने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं फॉलोअप, सभी गर्भवती महिलाओं की 4 जाँच अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने एवं जाँच से छूटी गर्भवती महिलाओं की पहचान कर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, एनीमिक गर्भवती महिलाओं की विशेष देखभाल एवं खान–पान में सुधार कराने, संस्थागत प्रसव में वृध्दि करने, पोषण पुनर्वास केन्द्र में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

**बैठक में अनुपस्थित 10 सेक्टर चिकित्सकों तथा सेक्टर प्रभारियों को नोटिस :** इसके साथ ही सिकल सेल एनीमिया का नवम्बर के प्रथम सप्ताह तक शत-प्रतिशत जाँच, शेष हितग्राहियों का आयुष्मान भारत कार्ड का बनाये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में अनुपस्थित 10 सेक्टर चिकित्सकों तथा सेक्टर प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस दिए जाने को कहा गया। इसके साथ ही संस्थागत प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 05 व 05 से कम तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित संसाधन उपरान्त शून्य प्रसव वाले संस्था प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा फील्डस्तर के स्टॉफ के मुख्यालय में निवास का औचक निरीक्षण एवं आगामी समय में मैदानी स्तर के अधिकारियों–कर्मचारियों के साथ बैठक किये जाने के सख्त निर्देश दिए गए।

# अंडा स्कूल के बच्चों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाष नगर अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा दुर्ग से सीडब्ल्यूएसएन कैटेगरी में सोमेश साहू कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान, आर्यभट्ट विज्ञान क्लब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा के लिए रोहन कुमार देशमुख कक्षा बारहवीं विज्ञान, शिक्षण सह निर्माण सामग्री में रेणुका चंद्राकर व्याख्याता भौतिकी दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुए। प्रतियोगिता में आर्यभट्ट विज्ञान क्लब को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा दुर्ग सीमा जाम्बुलकर, व्ही पद्मावती, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंडा विजय लक्ष्मी राव व समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 26 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए दिया जाएगा सब्सिडीयुक्त ऋण

**बालोद।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत हितग्राही सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना या उनके विस्तार के लिए 35 प्रतिशत सब्सिडीयुक्त ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किये जाते हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत सेव, मिक्चर, मिठाई, बेकरी, आचार, पापड़, बड़ी आदि के उत्पादक खाद्य प्रसंस्करण इकाई का विस्तार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक उद्यमी योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालोद में संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी



नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060
Ajay Advt.